पंजाब पुलिस ने अमृतसर से 4 किलो आई. सी. ई. ड्रग्ग, 1 किलो हेरोइन की बरामद ; एक व्यक्ति गिरफ़्तार

– पाक आधारित नशा तस्कर के साथ सीधे संपर्क में था गिरफ्तार किया दोषी

– सरहद पार से नशीले पदार्थों की खेप पहुँचाने के लिए ड्रोनों का किया गया था प्रयोग - डीजीपी गौरव यादव

चंडीगढ़/ अमृतसर, 3 मई: सरहद पार से नशा तस्करी करने वाले नैटवर्क के ख़िलाफ़ ख़ुफ़िया सूचना पर की कार्यवाही में, काउन्टर इंटेलिजेंस (सीआइ) अमृतसर ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके पास से 4 किलो आईसीई ड्रग (क्रिस्टल मेथामफेटामाईन) और 1 किलो हेरोइन बरामद की है। यह जानकारी डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने यहाँ शुक्रवार को दी।

गिरफ़्तार किये गए मुलजिम की पहचान अवतार सिंह निवासी गाँव कक्कड़ ज़िला अमृतसर के तौर पर हुई है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि (सी. आई.) अमृतसर को विश्वसनीय सूत्रों से पता लगा कि मुलजिम अवतार सिंह ने अजनाला के गाँव भिंडी सैदें से नशीले पदार्थों की एक खेप बरामद की है और इस खेप को छेहरटा के शेर शाह सूरी रोड स्थित हरगोबिन्द ऐवीन्यू नज़दीक पहुँचाने जा रहा है।

इस पर तुरंत कार्यवाही करते हुये डी. एस. पी. सी. आई बलबीर सिंह के नेतृत्व में सी. आई. अमृतसर की पुलिस टीमों ने निर्धारित स्थान पर छापेमारी की और दोषी व्यक्ति को गिरफ़्तार करके उसके कब्ज़े में से 4 किलो आई. सी. ई. ड्रग्ग और 1 किलो हेरोइन बरामद की।

डीजीपी ने बताया कि जांच के दौरान पता लगा है कि मुलजिम अवतार पाकिस्तान आधारित नशा तस्कर के सीधे संपर्क में था। जांच से यह भी पता लगा है कि पाकिस्तान आधारित नशा तस्कर ने सरहद पार से नशीले पदार्थ की खेप पहुँचाने के लिए ड्रोन का प्रयोग किया था।

उन्होंने कहा कि पूरे नैटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए अगली-पिछली कड़ियों का पता लगाने के लिए आगे जांच जारी है।

इस सम्बन्धी एफ. आई. आर. नम्बर 26 तारीख़ 02. 05. 2024 को एन. डी. पी. एस. एक्ट की धाराओं 21, 22 और 29 के अंतर्गत थाना एस. एस. ओ. सी. अमृतसर में मुकदमा दर्ज किया गया है। मुलजिम अवतार सिंह को स्थानीय अदालत में पेश किया जायेगा, जहाँ पुलिस उसके रिमांड के लिए माँग करेगी जिससे नशों के इस कारोबार में शामिल उसके अन्य साथियों के बारे भी अहम जानकारी जुटायी जा सके।

कांग्रेस झूठी घोषणाएं करती है, हम संकल्प के साथ विकास करते हैं : नायब सैनी

- **देश और प्रदेश को विकसित बनाने के लिए फिर से मोदी सरकार चुनें : नायब सैनी**
- **करनाल सूर्य मंदिर के 22वें स्थापना दिवस पर सीएम नायब सैनी ने पूजा अर्चना कर मानवता के कल्याण की कामना की**

चंडीगढ़/करनाल (ब्यूरो)। मुख्यमंत्री नायब सैनी गुरुवार सुबह सूर्य मंदिर के 22वें स्थापना दिवस समारोह में करनाल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भगवान सूर्य की पूजा अर्चना कर मानवता के कल्याण की कामना की। छठ पर्व सेवा समिति मंडल के प्रधान सुरेश कुमार यादव व अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने मुख्यमंत्री को फूलमालाओं से स्वागत किया और स्मृति चिह्न के रूप में भगवान सूर्य का स्वरूप भेंट किया। सीएम ने सेवा समिति मंडल द्वारा रखी गई मांगों को चुनावों के बाद पूरा कराने का आश्वासन दिया।

मंडल की धर्मशाला में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई, वहीं कांग्रेस को भी जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ घोषणा पत्र जारी किए हैं, किसी भी घोषणा को पूरा नहीं किया। कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार का बोलबाला था जिस कारण लोगों को प्रताड़ना झेलनी पड़ती थी। श्री सैनी ने कहा कि 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने जो वादे किए उन्हें संकल्प के साथ पूरा किया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि देश और प्रदेश को विकसित बनाने के लिए एक बार फिर मोदी सरकार को चुनें।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। लोगों को ऑनलाइन तरीके से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का प्रयास रहा है कि केंद्र और प्रदेश की योजनाओं का लाभ आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति तक मिले। सीएम सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से जिस तरह से देश और प्रदेश का विकास हो रहा है वह जारी रहेगा और भाजपा सरकार में विकास की गति नहीं रूकेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश की सेवा की अब सांसद बनकर भी वह जनता की सेवा करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा के चुनाव का दौर चल रहा है। हरियाणा में 25 मई को मतदान होगा। उन्होंने कहा कि 25 मई को दो मशीनों में कमल के फूल का बटन दबाकर एक कमल को लोकसभा में दिल्ली भेजना है और दूसरे कमल को चंडीगढ़ भेजना है।

कांग्रेस नेताओं के मुंह से भ्रष्टाचार की बू आती है : नायब सैनी

समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए नायब सैनी पूर्व सीएम हुड्डा के बयान पूछे गए सवाल पर तंज कसते हुए कहा कि हुड्डा साहब मान रहे हैं कि कांग्रेस मुकाबला में है तो अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा पिछले चुनावों में भी मान रहे थे और 10 की 10 सीटों पर कांग्रेस साफ हो गई। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास कांग्रेस से खत्म हो चुका है। कांग्रेस के समय में नौकरियां मंत्रियों के चक्कर काटने और पर्ची तथा खर्ची से मिलती थी। कांग्रेस झूठी घोषणाएं करती है, उन घोषणाओं को पूरा कभी नहीं करती। कांग्रेस 24 घंटे बिजली देने के वादे कई बार चुकी, लेकिन 24 घंटे बिजली भाजपा सरकार ने दी।

हुड्डा के पोर्टल बंद करने के सवाल पर बोलते हुए नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं के मुंह से भ्रष्टाचार की बू आती है। कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार को जन्म देने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि आज आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड, बीपीएल कार्ड घर बैठे बन रहे हैं। डबल इंजन सरकार सभी सुविधाएं प्रदेशवासियों को दे रही है।

सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि मोदी सरकार में गरीब, किसान, कर्मचारी और महिला कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं लागू की गई। जिनका पूरा लाभ हर व्यक्ति को मिला है। युवाओं को रोजगार दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिससे देश विकास के पथ पर अग्रसर हुआ। उन्होंने कहा कि जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास करती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, पूर्व मीडिया कॉरडीनेटर मुख्यमंत्री हरियाणा जगमोहन आनंद, पूर्व मेयर नगर निगम रेणू बाला, अमरेंद्र सिंह, पूर्व पार्षद भगवान दास अघी, जिला मीडिया प्रमुख डा. अशोक कुमार, मंडल अध्यक्ष अमर ठक्कर, एडवोकेट विजय पाल सहित अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकर्ता के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि : सुभाष बराला

- **लोकसभा चुनाव में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण : बराला'**
- **'टोहाना में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक में बराला ने कहा – मोदी का लक्ष्य देश को सुपर पॉवर बनाना'**

चंडीगढ़/टोहाना (ब्यूरो)। लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता सदैव राष्ट्रहित को प्राथमिकता में रखते हुए अपने कार्य करता है। देश हित मे कार्य करने वाली पार्टी सिर्फ भारतीय जनता पार्टी है। जहां जातिवाद या वंशवाद नहीं चलता है। यही एकमात्र ऐसी पार्टी है जहाँ बूथ अध्यक्ष पार्टी का नेतृत्व करता है और चाय वाला भी प्रधानमंत्री बन सकता है। ये बातें गुरुवार को श्री बराला ने टोहाना की न्यू प्रभाकर कालोनी स्थित पार्टी कार्यालय में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव संबंधी जरूरी दिशा निर्देश दिए।

श्री बराला ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपने त्याग और बलिदान से पार्टी को सींचा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आज जो मुकाम हासिल किया है वह सब कार्यकर्ताओं के बदौलत किया है। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है और कार्यकर्ताओं के भरोसे और मेहनत पर पार्टी लगातार चुनाव जीतती आ रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में आप जैसे वरिष्ठ और अनुभवी कार्यकर्ताओं की भूमिका बढ़ जाती है।

श्री बराला ने कहा कि आप सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता पार्कों, सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक आयोजनों में पार्टी की नीतियों और मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए कहें। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए श्री बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नये भारत की परिकल्पना के साथ देश को सुपरपावर बनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रयासरत हैं। हरियाणा में सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार के सुशासन और विकास की नीति और जनकल्याण के कार्यो से आमजन का भाजपा पर विश्वास बढ़ा है।

श्री बराला ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने ईमानदार, स्वच्छ, पारदर्शी शासन व्यवस्था के तहत समाज के हर किसान, दलितों, पिछड़ों को आगे बढ़ाने के साथ ही सबका साथ, सबका विकास-सबका-विश्वास के नारे को चरितार्थ किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, उज्जवला योजना, मुफ्त गैस सिलेंडर देकर बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है।

वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया में काफी दबदबा बनाया है। उन्होंने कहा कि आज किसी भी संकट के दौरान दुनिया भारत और प्रधानमंत्री मोदी की ओर आशा भरी निगाहों से देखती है। बैठक में नगर परिषद चेयरमैन नरेश बंसल, वेद जांगड़ा, जिला सचिव जंगजीत हुड्डा, बलदेव सैनी, कृष्ण नैन, गणेश सैनी, दलजीत नैन, संजय सैनी, परमवीर अत्री, मनीष शर्मा, रमन मड़िया, सरदारी लाल, अशोक जाखड़, जयदीप बराला, सन्नी मेहता , रामेहर धारसूल, जगमेल कटारिया, मस्तु राम और सुभाष गर्ग आदि वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल रहे।

'धार्मिक आयोजन सदैव जीवन में नई उर्जा का संचार करते हैं : सुभाष बराला'

हिसार। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने महाकालेश्वर धाम व श्री कृष्ण गौजीत गौशाला गांव ढाणी गारण, बरवाला में आयोजित श्री भागवत कथा का श्रवण किया। कथा सुनने के बाद श्री बराला ने कहा कि धार्मिक आयोजन सदैव जीवन में नई उर्जा का संचार करते हैं। श्री बराला ने कहा कि आज भगवान श्री कृष्ण की भक्तिमयी लीलाओं को श्रवण करने का सौभाग्य मिला है। श्री बराला ने कहा कि हमें समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान की कथाएं हमें बेहतर जीवन जीने का मार्ग दिखाती है और भावी पीढ़ी को संस्कारित करती है।

आयोग ने कृषि प्रबंधक पर लगाया 10 हजार रुपए का जुर्माना

निर्धारित सेवा अवधि में सेवा नहीं देने का पाया दोषी

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के कृषि प्रबंधक पर अधिसूचित सेवा निर्धारित समयावधि में न देने पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, आवेदक को 5 हजार रुपए का मुआवजा देने का भी निर्णय सुनाया गया है। आयोग के एक प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आयोग के मुख्य आयुक्त श्री टी.सी. गुप्ता ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया और इस मामले के निपटान के लिए एक सुनवाई की गई। बताया गया है कि इस मामले में भिवानी जिला में पंजाब नेशनल बैंक, बहल के ब्रांच मैनेजर मंजीत और कृषि मैनेजर मुलायम सिंह सहित टेलीफोन के माध्यम से आवेदक ओमवीर शामिल हुए। आवेदक को समय पर ऋण की अदायगी नहीं की गई थी जिसके लिए आयोग ने संज्ञान लिया।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि आयोग द्वारा पंजाब नेशनल बैंक, रोहतक के सर्कल हैड को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि यह राशि मुलायम सिंह के अप्रैल माह के वेतन में से काटी जाए जो कि वेतन के एक तिहाई से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा शेष राशि की कटौती अगले माह में की जाए। आयोग ने अपने निर्णय में यह भी कहा है कि इन आदेशों की पालना के अंतर्गत चालान इत्यादि की फोटो प्रतियां ईमेल के माध्यम से भिजवाई जाए। इसके अलावा, आयोग ने मंजीत, शाखा प्रबंधक, पीएनबी-बहल, हरियाणा के खिलाफ उपयुक्त अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश की है और जोनल मैनेजर, पीएनबी, चंडीगढ़ से अनुरोध किया गया है कि इन आदेशों के जारी होने के 30 दिनों के भीतर इस संबंध में की गई कार्रवाई के बारे में आयोग को सूचित किया जाए।

शिक्षा नहीं, शराब बनी आम आदमी पार्टी की पहचान : नायब सैनी

सोनिया गांधी की ईडी से जांच करवा जेल भिजवाने की मांग करने वाले आज उनसे ही गले मिल रहे हैं : नायब सैनी

चंडीगढ़/कुरुक्षेत्र (ब्यूरो)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के नोमिनेशन समारोह में आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की पहचान आज शिक्षा नहीं शराब बन गई है। अच्छे स्कूल, स्वास्थ्य और ईमानदारी की बात करते हुए कहते थे कि गाड़ी-बंगला नहीं लेंगे, लेकिन आज उनके पास शीशमहल है। केजरीवाल के बयानों पर तंज कसते हुए नायब सैनी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल बोलते थे अगर सोनिया गांधी की ईडी से जांच करवा दी जाए तो वह जेल में होगी, वे ही आज उनसे ही गले मिल रहे हैं।

सीएम सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता कुरुक्षेत्र में आकर नशा बंद करने की बात करते हैं, जबकि दिल्ली की गली-गली में शराब की दुकानें खोल दी। यही नहीं महिलाओं के लिए शराब की स्पेशल दुकान खोलने का काम भी इन लोगों ने किया। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि घमंडियां गठबंधन के लोगों की लड़ाई देश को बचाने की नहीं, बल्कि परिवार को बचाने की है। जबकि भाजपा देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने का काम संकल्प के साथ कर रही है। कुरुक्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार नवीन जिन्दल द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद आयोजित एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के मैदान से कांग्रेस और उसकी सहयोगी आम आदमी पार्टी को खुली चेतावनी दी और कहा कि यहां से नवीन जिन्दल 5 लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी के मंच पर पहुंचते ही लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाने शुरू कर दिये। मंच पर मुख्यमंत्री का स्वागत हनुमानजी का गदा देकर किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर जगह एक ही बात की चर्चा है कि 10 साल में नरेंद्र मोदी ने बहुत कार्य किया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों की चर्चा कांग्रेस नेताओं के घर में भी उस समय जरूर होती है जब वे लोग भोजन पर बैठते हैं, लेकिन कांग्रेस के लोग परिवार से बाहर नहीं निकलना चाहते और इसीलिए वे वही बोलते हैं जो उनके पास लिखकर आ जाता है।

कांग्रेस झूठ बोलकर लोगों का वोट लेना चाहती है – मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलकर लोगों का वोट हासिल करना चाहती है। कांग्रेस ने महिलाओं को एक-एक लाख रुपये देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि देश का बजट 46 लाख करोड़ रुपये का है और कांग्रेस की इसी घोषणा पर 50 लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि वह अपनी इस घोषणा को कैसे पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस को अपने पिछले 60 साल का भी हिसाब देना चाहिए कि उसने इस दौरान कितनी घोषणाएं की और उनमें से कितनी घोषणाएं पूरी हुई।मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए जितना काम नरेंद्र मोदी ने किया है पहले किसी भी सरकार ने नहीं किया। सड़क व्यवस्था, रेलवे और एयर कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य सिस्टम पर सरकार ने बहुत काम किया है। पहले देश में एक एम्स था। अटल जी ने इनकी संख्या चार की और आज नरेंद्र मोदी के शासनकाल में इनकी संख्या 24 हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 4 करोड़ गरीबों को मकान बना कर दिए। हर मकान में शौचालय, नल से जल की सुविधा दी। गरीबों को मुफ्त में राशन दिया। गरीबों को इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड दिया। गरीब आदमी बैंक में जाए उनके खाते खुलवाए। गरीबों को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रसोई गैस कनेक्शन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने हर योजना का विरोध किया और यहां तक कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का भी विरोध किया,जिसमें सरकार ने किसानों को हर साल 6000 रुपए देने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर गरजते हुए कहा कि कांग्रेस इस देश को बांटने का काम कर रही है। कांग्रेस ने हमेशा पिछड़ों और दलितों को एक वोट बैंक के रूप में माना है और उनका शोषण किया है। अब कर्नाटक में असंवैधानिक रूप से कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने का काम किया है जिसे भाजपा किसी भी सूरत में सहन करने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग और दलितों को इस बात को समझना होगा कि कौन उनका शोषण करने वाला है और कौन उनकी रक्षा करने वाला है।

कैथल और कुरुक्षेत्र में खोलेंगे दो विश्व स्तरीय कौशल विकास केंद्र : नवीन जिंदल

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार नवीन जिंदल ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को ऋषि तुल्य बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने शासनकाल में बहुत काम किया। नवीन जिन्दल ने आज हजारों लोगों की उपस्थिति में ऐलान किया कि वह सांसद चुने जाने के तुरंत बाद कुरुक्षेत्र और कैथल में एक–एक विश्व स्तरीय कौशल विकास केंद्र खोलने का काम करेंगे, जिसमें हर साल 10000 युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। इनमें जापान, जर्मनी, अमेरिका आदि देशों से कंपनियों के लोग आएंगे और वे इंटरव्यू लेकर बच्चों का चयन करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को जहां अपना कौशल निखारने में मदद मिलेगी वहीं उन्हें विदेश जाने के लिए डोंकी मार्ग का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। नवीन जिन्दल ने केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज लोगों का विश्वास नरेंद्र मोदी में और उनकी गारंटी में है। प्रधानमंत्री ने 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। यह अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है।

मैं कुरुक्षेत्र की बहू, बाहर वालों को बाहर का रास्ता दिखाएं : शालू जिन्दल

कुरुक्षेत्र। बाल भवन की पूर्व चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिन्दल ने नवीन जिन्दल को कुरुक्षेत्र का बेटा और स्वयं को कुरुक्षेत्र की बहू बताते हुए कहा कि वो जो सिर्फ चुनाव लड़ने के लिए कुरुक्षेत्र आ गए हैं, उन बाहर वालों को बाहर का रास्ता दिखाएं। नवीन जी अजनबी नहीं हैं, कुरुक्षेत्र की जनता ने उन्हें देखा–परखा है और हमारा पूरा परिवार पीढ़ियों से लोगों की सेवा में समर्पित रहा है इसलिए 25 मई को अपना वोट रूपी आशीर्वाद देकर नवीन जिन्दल को विजयी बनाएं। हम नए भारत की कहानी लिखने की कोशिश में नए कुरुक्षेत्र की कहानी लिखना चाहते हैं। हमारे–आपके बीच एक विश्वास का धागा है, जिसके माध्यम से हम कुरुक्षेत्र के महान इतिहास को एक उज्ज्वल भविष्य से जोड़ना चाहते हैं।

कांग्रेस की गारंटियां बदलेंगी इस देश के हालात और लोगों की तकदीर : कुमारी सैलजा

- **कहा-जब अन्नदाता कमजोर होता है तो देश भी कमजोर होता है**
- **युवा भटक रहा है, किसान रो रहा है पर सरकार अपने दायित्व से भाग रही है**

सिरसा(ब्यूरो)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी और सिरसा संसदीय सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि जब अन्नदाता कमजोर होता है तो देश भी कमजोर होता है। बेरोजगार युवा भटक रहा है, सरकार अपने दायित्व से भाग रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटियां इस देश के हालात को बदलेगी।

कुमारी सैलजा ने वीरवार को ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांवों का दौरा कर अपने समर्थन में लोगों से वोट की अपील की। गांव अरनियांवाली में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोगों को न्याय दिलाने और संविधान की रक्षा की लड़ाई लड़ रही है, देश को धर्म और जाति में बांटने की साजिश कामयाब नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस सरकार के कार्यकाल में किसान, गरीब, मजदूर, युवा, व्यापारी और कर्मचारी सभी दुखी है। सरकार ने युवाओं की ओर ध्यान नहीं दिया, बेरोजगार युवा भटक रहा है, युवा नशे की गिरफ्त में आ रहा है उसे नशे से बाहर निकालने की जिम्मेदारी सरकार की है पर सरकार अपनी इस जिम्मेदारी से भाग रहा है। उन्होंने कहा कि जब अन्नदाता कमजोर होता है तो देश कमजोर होता है, किसान न्याय की जंग लड़ रहा है उसे उसका हक देने के बजाए उस पर अत्याचार किया जा रहा है, कांग्रेस ने किसानों से वायदा किया है कि सरकार बनने पर एमएसपी लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सिरसा की धरती से ही उनका राजनीतिक जीवन शुरू हुआ था पहला बार 1988 में सिरसा आकर चुनाव लड़ा था। वे सिरसा को कभी भूल नहीं सकती। सिरसा के लोगों ने एकजुट होकर आवाज उठाई कि वे सिरसा से चुनाव लड़ें। पार्टी ने आप लोगों की सेवा करने का मौका दिया है, इसके लिए वे सिरसा के लोगों की तो आभारी है ही साथ ही पार्टी की भी आभारी हैं। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस की सच्ची सिपाही है जैसा पार्टी का आदेश होता है उसका पालन करती है। आप लोगों की आवाज उठाने के लिए सदैव आपके बीच रही, आपके संपर्क में रही। समय समय पर सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होती रही, सिरसा उनके घर परिवार जैसा है। आज पार्टी ने आपकी सेवा करने के लिए उन्हें आप लोगों में बीच भेजा है। उन्होंने कहा कि आज केवल और केवल विचारधारा की लड़ाई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं का क्या हाल है, प्रदेश में क्या विकास हुआ है, नारी को सम्मान मिला है, ये सारे सवाल जनता सरकार से पूछ रही है। सरकार का दायित्व बनता है कि वह युवाओं का उज्जवल भविष्य बनाए, दलितों, पिछड़ों और किसानों का उनका हक दे। राहुल गांधी ने देश के लोगों को न्याय दिलाने के लिए दस हजार किमी की यात्रा की। यात्रा को मिले समर्थन से सरकार बौखला गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटिया इस देश के हालात को बदलेगी इसके लिए कांग्रेस के हाथ मजबूत करने होंगे। उन्होंने लोगों से वोट की अपील करते हुए कहा कि आपका एक एक वोट देश की और संविधान की रक्षा करेगा। इस मौके पर पूर्व विधायक भरत सिंह बैनीवाल ने लोगों से सैलजा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर पूर्व सांसद डॉ. सुशील इंदौरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डा. के. वी. सिंह, पवन बैनीवाल, संतोष बैनीवाल, अनिल खोड, कृष्णा फोगाट आदि मौजूद थे।

युवा मोटरसाइकिल के काफिले के साथ ले गए मंच तक – कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा ने वीरवार को अपने चुनावी प्रचार अभियान की शुरुआत गांव अरनियांवाली से की जहां पर युवाओं, महिलाओं और सभी ग्राम वासियों का उत्साह और जोश देखते ही बनता था। सभी ने कुमारी सैलजा का बड़ी गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया। गांव के युवा मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ गांव की सीमा से सैलजा को मंच तक लेकर गए। मंच पर पहुंचने से पहले ही गांव की महिलाओं ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में गीत गाकर अभिनंदन किया। गांव में कुमारी सैलजा जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद जयकारे गूंज रहे थे। गांव में हर किसी की जुबां पर था कि इबकै तो सैलजा ही है।

सैलजा शुक्रवार को करेंगी टोहाना विधानसभा क्षेत्र का दौरा – सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी (इंडिया गठबंधन) कुमारी सैलजा 3 मई को टोहाना विधानसभा के विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यकर्मों में शामिल होंगी। वे 09.00 बजे गांव बोस्ती, 09.45 बजे ढाणी भोजराज, ढाणी सांचला, 10.30 बजे सनियाणा, 11.45 बजे पारता, 12.00 बजे पृथला, 12.45 बजे गजूवाला, 01.30 बजे हंसावाला, 02.15 बजे नांगला, 03.00 बजे समैन, 03.45 बजे लालौदा 04.30 बजे कन्हडी, 05.00 बजे कमालवाला में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगी। शाम 05.15 बजे टोहाना में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगी, 05.30 बजे राइस मिल एसोसिएशन के कार्यक्रम में, 06.00 बजे अनाज मंडी एसोसिएशन के कार्यक्रम में, 06.30 बजे मॉडल टाउन में, 07.15 बजे भवानी माता मंदिर, भाटिया नगर, 07.30 बजे वार्ड नंबर चार चंडीगढ़ रोड, 08.00 बजे वार्ड नंबर 13, भूना रोड टोहाना, 08.30 बजे हरपाल चौक, टोहाना में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी।